# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 21.05.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 04 भूमि विवाद, 02 मारपीट तथा शेष 10 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा विभिन्न पेट्रोल पम्प का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

आज दिनाँक 21.05.2026 को शिवशरणप्पा जी0एन0 जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रांतर्गत भारत पेट्रोल पम्प तथा इंडियन पेट्रोल पम्प मधुकरपुर का निरीक्षण कर पेट्रोल पंप संचालकों को वितरण व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित करने व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को नो हेलमेट नो फ्यूल का पालन कराने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा परिसर में लगे CCTV कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की स्थिति को भी परखा गया ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके।

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा किया गया 01 वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी कर भेजा गया माननीय न्यायालय ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ नवीन कुमार सिंह द्वारा वारन्टी व वांछित गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 78/2026 धारा 137(2),87 बीएनएस थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त को प्लाईवुड तिराहा खुनुवा रोड के पास से गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण**

मुबारक अली पुत्र मंगरे निवासी कोटिया बाजार थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 40 वर्ष

*** गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम का विवरण * -**

1. उ0नि0 विजय कुमार सिंह प्र0चौकी कोटिया थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
2. हे0का0 गिरजेश कुमार थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर
3. का0 रामसेवक यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर
4. का0 विनय कुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा कस्बा डुमरियागंज के विभिन्न पेट्रोल पंपो पर भ्रमण/चेकिंग कर पेट्रोल/डीजल का वितरण शांति पूर्वक कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 21.05.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा कस्बा डुमरियागंज के विभिन्न पेट्रोल पंपो पर भ्रमण/चेकिंग कर पेट्रोल पंप संचालकों को वितरण व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित करने व सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा परिसर में लगे CCTV कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की स्थिति को भी परखा गया ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। भ्रमण के दौरान मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों को पेट्रोल/डीजल का वितरण शांति पूर्वक कराने हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ गोष्ठी।**

आज दिनांक 21.05.2026 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्तागण के साथ समन्वय एवं विधि-व्यवस्था के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, अधिवक्ताओं वादकारियों की सुविधा, पार्किंग व्यवस्था तथा पुलिस-प्रशासन व अधिवक्ताओं के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी महोदय ने अधिवक्ताओं से न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग व विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।पुलिस अधीक्षक महोदय ने आश्वस्त किया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। न्यायालय परिसर व आस-पास नियमित गश्त बढ़ाने, महिला अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था करने तथा किसी भी समस्या पर तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन विश्वजीत सौरयान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी महोदय सदर के कुशल पर्यवेक्षण, संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2026 धारा 65(1) B.N.S. व 5/6 पाक्सो एक्ट व 9/10/11 बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अब्दुल गनी शेख पुत्र अब्दुल्लाह शेख निवासी ग्राम कम्हरिया घाट थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकर नगर हाल पता कमरा नं0 5 बालु पावसे चल भट्टी पाड़ा एलबीएस रोड भांडुप पी मुम्बई को थानाक्षेत्र के रेलवे  स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.अब्दुल गनी शेख पुत्र अब्दुल्लाह शेख निवासी  ग्राम कम्हरिया घाट थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर। हाल पता कमरा नं0 5 बालु पावसे चल भट्टी पाड़ा एलबीएस रोड भांडुप पी मुम्बई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण** –

01.उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार द्विवेदी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी अवनीश कुमार यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा अपहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ नवीन कुमार सिंह द्वारा वारन्टी व वांछित गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 78/2026 धारा 137(2),87 बीएनएस थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त को प्लाईवुड तिराहा खुनुवा रोड के पास से गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

01.मुबारक अली पुत्र मंगरे निवासी कोटिया बाजार थाना शोहरतगढ़ जनपद।

**गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 विजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी कोटिया थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 गिरजेश कुमार थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी रामसेवक यादव, विनय कुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

आज दिनाँक 21.05.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पेट्रोल पम्प का निरीक्षण कर पेट्रोल पंप संचालकों को वितरण व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित करने व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को नो हेलमेट नो फ्यूल का पालन कराने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा परिसर में लगे CCTV कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की स्थिति को भी परखा गया ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके।

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कड़जा टोला लोधपुरवा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.05.2026 थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कड़जा टोला लोधपुरवा में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्य, जियाउल्लाह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी अरुण पाण्डेय

03.रि0म0आ0 गार्गी मिश्रा

04.रि0म0आ0 नेहा तिवारी।

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पचहर की महिलाओं/बलिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बराव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर की महिलाओं/बलिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 दीनदयाल सिंह

02.मु0आ0 विनोद कुमार,

03.रि0म0आ0 श्वेता सोनी

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र ग्राम खुरपहवा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खुरपहवा की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार

02.हे0का0 इनामुद्दीन

03.म0का0 रेनू

04.म0रि0आ0 जया भारती

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी" के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में श्री हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2026 धारा 64(2)m,137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अमन उर्फ हसीब पुत्र हमीद साकिन आजाद नगर सदभावना चौकी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को आज दिनांक 21.05.2026 चिताही तिराहा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**अभियुक्त का विवरण-**

01.अमन उर्फ हसीब पुत्र हमीद साकिन आजाद नगर सदभावना चौकी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 श्री इशान्शु श्रीवास्तव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी सागर जायसवाल थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चला रहे वाहन चालकों के विरुद्ध एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटना न्यून करने हेतु अभियान चलाकर प्रकर्तन की कार्यवाही की गयी।**

आज दिनांक 21.05.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात निरीक्षक श्री अजय सिंह यादव मय टीम द्वारा जनपद के साड़ी तिराहा पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा ब्लैक फ़िल्म में 01मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध 03 एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 02 वाहनों का चालान किया गया एवं सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना /जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका M.V.Act के तहत चालान कर हटवाया गया एवं चार पहिया वाहनों मे  सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो वाहनों का चालान किया गया क्षेत्राधिकारी यातायात महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के प्रत्येक थाने की सीसीटीम द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया एवं जनपद  में आज 267 वाहनों का चालान करते हुए 452500 /रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।